राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 20 मई। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी के बलिदान दिवस पर शनिवार, 21 मई, 2022 को प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि 21 मई को स्व. श्री राजीव गाँधी के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा, पुष्पांजलि कार्यक्रम, फल वितरण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे तथा इन कार्यक्रमों में प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक के समस्त प्रमुख कांग्रेसजन भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि स्व. श्री राजीव गाँधी के बलिदान दिवस पर 21 मई को प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, जयपुर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, जयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगणों सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा कल दिनांक 21 मई, 2022 को सायं 4.00 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा निकाली जा रही आजादी की गौरव यात्रा में कोटपूतली में शामिल होकर विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter